आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–19 मई 2026 **सान्ध्य समाचार**

देश भर में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आज लगभग 90 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। एक रिपोर्ट–

यह एक सप्ताह से भी कम समय में दूसरी बढ़ोतरी है। दिल्ली में, पेट्रोल की कीमत अब 98 रुपये 64 पैसे प्रति लीटर हो गयी है, जबकि डीजल की कीमत 91 रुपये 58 पैसे प्रति लीटर हो चुकी है। यह बढ़ोतरी ईरान संघर्ष और होर्मुज जलडमरूमध्य में रुकावटों के बीच वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में आई भारी तेजी के बाद हुई है। इस बीच, प्रदेश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। तेल विपणन कंपनियों ने स्पष्ट किया कि राज्य में ईंधन की उपलब्धता पर्याप्त है और किसी प्रकार की घबराहट या अतिरिक्त खरीदारी की जरूरत नहीं है। एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति भी सामान्य बनी हुयी है। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।

****

सर्वोच्च न्यायालय ने सार्वजनिक स्थानों से पकड़े गए लावारिस कुत्तों को टीकाकरण या नसबंदी के बाद वापस न छोड़ने के अपने पूर्व निर्देशों को वापस लेने से इनकार कर दिया है। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली पीठ ने नवंबर 2025 के आदेश में संशोधन की मांग वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया और अधिकारियों को ऐसे कुत्तों को आश्रय स्थलों में रखने का निर्देश दिया। अदालत ने बच्चों, बुजुर्गों और राह चलते लोगों पर कुत्तों के हमलों की बेहद चिंताजनक घटनाओं का हवाला देते हुए कहा है कि यह समस्या हवाई अड्डों और आवासीय कॉलोनियों सहित संवेदनशील सार्वजनिक क्षेत्रों तक पहुंच गई है। पीठ ने चेतावनी दी है कि निर्देशों का पालन न करने वाले अधिकारियों को अवमानना और अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। समाचार कक्ष से मीनाक्षी।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कल नॉर्वे के महामहिम राजा हेराल्ड पंचम द्वारा वहां का सर्वोच्च सम्मान रॉयल नॉर्वेजियन ऑर्डर ऑफ मेरिट का ग्रैंड क्रॉस प्रदान किया गया। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित कई अन्य मंत्रियों ने कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नॉर्वे के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किए जाने पर बधाई दी। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि यह बत्तीसवां अंतरर्राष्ट्रीय पुरस्कार प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व के विस्तार का प्रतीक है।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि धरती माँ के लिए पूरी मानवता एक परिवार हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में संस्कृत सुभाषितम साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि संपूर्ण विश्व एक घर की तरह है, जहाँ हर संस्कृति का अपना महत्व और सम्मान है।

****

भीषण गर्मी और लू के असर से गोरखपुर और इसके आसपास के पूर्वी जिलों सहित लगभग पूरे प्रदेश में जनजीवन प्रभावित है। मौसम विभाग द्वारा इस सप्ताह इक्कीस मई तक गर्मी के साथ–साथ भीषण लू का रेड अलर्ट जारी किया गया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि राज्य में बांदा जिला 47 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ लगातार दूसरे दिन भी सबसे गर्म स्थान रहा।

बुंदेलखंड और कई अन्य इलाके तेज धूप और झुलसा देने वाली हवाओं की चपेट में हैं। धीमी हवा के कारण उमस और बढ़ गई है, जिससे राज्य के कई हिस्सों में सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है। वहीं राज्य के कई जिलों में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस या उससे भी ऊपर बना हुआ है। मौसम विभाग ने 33 जिलों के लिए लू की चेतावनी जारी की है। राज्य के दक्षिणी और मध्य भागों में अगले एक सप्ताह तक लू के हालात बने रहेंगे। सुशील चंद तिवारी आकाशवाणी समाचार लखनऊ।

केन्द्रीय आयुष मंत्रालय ने अत्यधिक गर्मी और लू की स्थिति से निपटने के लिए कल व्यापक जन स्वास्थ्य परामर्श जारी किया। एक रिपोर्ट–

यह परामर्श आम लोगों कामगारों और बड़े सार्वजनिक कार्यक्रमों तथा खेल आयोजनों में शामिल लोगों के लिए जारी किया गया है, ताकि वह गर्मी और लू से होने वाली बीमारियों से अपना बचाव कर सकें। इसमें कहा गया है कि शिशु, बच्चे, गर्भवती महिलाएं, बुजुर्ग, बाहर काम करने वाले लोग और दिल की बीमारी या उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों से ग्रसित लोग लू के दौरान सबसे ज्यादा जोखिम में रहते हैं। इसलिए इनकी विशेष देखभाल और निगरानी जरूरी है । परामर्श में कार्यस्थलों, सार्वजनिक कार्यक्रमों और बाहरी गतिविधियों के लिए खास सावधानियां बताई गई है । इनमें छायादार आरंभ स्थल की व्यवस्था, समय–समय पर पानी पीने के लिए ब्रेक और लोक के लक्षणों के बारे में जागरुकता फैलाना शामिल है। रिशु जायसवाल के साथ अक्षित वेद्यान आकाशवाणी समाचार दिल्ली।

मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी हिस्से में इक्कीस मई तक मौसम शुष्क रहने के साथ ही तेज सतही हवाएं चलने की संभावना भी जतायी है।

****

आईपीएल क्रिकेट में आज अब से कुछ ही देर बाद शाम साढे सात बजे से जयपुर में राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला लखनऊ सुपर जायंट्स से होगा।

****